स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के नारों के साथ निकली यात्रा

January 2, 2019

उज्जैन। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बुधवार सुबह यात्रा निकाली गई जिसमें स्कूली बच्चों ने शामिल होकर स्वच्छता संबंधी नारे लगाये। महाकाल मंदिर से शुरू हुई स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत यात्रा में जीवाजीगंज, सराफा, माधवगंज, महाराजवाड़ा क्र. 1, 2, 3, शौर्य दल की महिलाएं, एनसीसी के कैडेट, शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं सहित स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम के कर्मचारी शामिल रहे।

यात्रा में करीब 2 हजार स्कूली विद्यार्थी स्वच्छ भारत-स्वच्छ भारत के नारे लिखी तख्तियां व नारे लगाते हुए महाकाल से गुदरी चौराहा, गोपाल मंदिर, सतीगेट, कंठाल होते हुए क्षीरसागर मैदान पहुंचे। रैली में ढोल-ताशे, एनसीसीस बैंड, मलखंभ करते विद्यार्थी भी चल रहे थे जिनका जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया।